कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नौएडा

सत्रांत परीक्षा 2023-24

कक्षा: 8 , विषय: हिंदी

भाग - 2, वर्णनात्मक प्रश्न पत्र, सेट-ए

दिनांक: 04.03.2024 **निर्धारित समय: 2 घंटे**

नाम: ____________ **अनुक्रमांक: __________** **अधिकतम अंक: 40**

<u>सामान्य निर्देश -</u>

- **इस प्रश्न पत्र में मुद्रित पृष्ठ 3 हैं एवं प्रश्नों की संख्या 6 है |**
- **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं | खंड क - साहित्य जिसमें तीन उपप्रश्न हैं तथा खंड - ख - लेखन जिसमें तीन उपप्रश्न हैं |**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**
- **सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं|**

<u>खंड 'क' साहित्य</u> (22अंक)

प्रश्न1) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>पाँच प्रश्नों</u> के उत्तर 30 - 40 शब्दों में लिखिए- (2×5=10)

क) कविता -'भगवान के डाकिए' में 'एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध किस प्रकार भेजती है'? अपने विचार लिखिए|

ख) पाठ 'बाज़ और साँप' में साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर भी उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?

ग) पाठ 'अकबरी लोटा' में बिलवासी जी ने अंग्रेज़ को मूर्ख क्यों बनाया और कैसे बनाया?

घ) पाठ - 'जहाँ पहिया है' में पुड्डुकोटई की महिलाओं को साइकिल आंदोलन के दौरान किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और क्यों? कारण बताइए |

ङ) कविता 'सूर के पद' में **'**दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनै ढंग लायौ **'** पंक्ति के माध्यम से गोपी क्या कहना चाहती है?

च) बाज़ के लिए किसने गीत गाया और क्यों? पाठ 'बाज़ और साँप' के आधार पर उत्तर दीजिए |

छ) कविता 'दीवानों की हस्ती' के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते हैं? इस संदेश को आप अपने जीवन में किस प्रकार अपनाएँगे? स्पष्ट कीजिए|

प्रश्न2) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए-

(2.5×4=10)

क) कविता -'दीवानों की हस्ती' में कवि का आना लोगों के जीवन में खुशहाली लाता है| क्या आपके साथ कभी ऐसा हुआ कि आपके आने से आपके किसी परिचित के जीवन में उल्लास भर गया और आपके जाने पर उन्होंने आँसू बहाए? अथवा आपके घर कोई आया हो जिसके आने पर आप प्रसन्न हो गए हों और जाने पर उदास | ऐसे किसी एक प्रसंग को लिखिए|

ख) श्री कृष्ण माखन खाने के लिए अपने सखाओं के साथ मिलकर गोपियों के यहाँ ऊखल पर चढ़कर माखन की मटकी उतारते थे और खाते थे | यदि आपको अपना मनपसंद भोजन खाना हो तो आप क्या प्रयास करेंगे ? लिखिए|

ग) कहानी 'अकबरी लोटा' में पंडित बिलवासी मिश्र ने अपने मित्र झाउलाल जी की सहायता कर एक सच्चे मित्र की भूमिका निभाई| अपने किसी ऐसे मित्र के विषय में लिखिए जो हमेशा आपका साथ देता है| उसके साथ हुए किसी ऐसे अनुभव का भी वर्णन कीजिए जिससे वह आपको अपना सच्चा मित्र प्रतीत हुआ |

घ) समाज दिन - पर -दिन प्रगति कर रहा है परंतु इतनी प्रगति के बाद भी मनुष्य धर्म, जाति -पाँति , ऊँच - नीच के बंधनों से स्वयं को आज़ाद नहीं कर पाया | कविता 'भगवान के डाकिए' में दिया गया संदेश लोगों की सोच तथा समस्त समाज की सोच को बदलने में किस प्रकार सहायक होगा| अपने विचार लिखें|

ङ) पाठ 'बाज़ और साँप' में बाज़ वीर और साहसी था, समझौतावादी प्रवृत्ति का नहीं, जो किसी भी परिस्थिति से समझौता कर ले| आज के युग में सफलता प्राप्त करने के लिए समझौता करना उचित है अथवा अनुचित| उदाहरण दवारा अपने विचारों को स्पष्ट कर लिखें|

च) तमिलनाडु के पुडडुकोट्टई ज़िले में महिलाओं ने अपनी आज़ादी की अभिव्यक्ति हेतु सामाजिक आंदोलन चलाया| आपके विचार में समाज और परिवार के विरुद्ध जाकर उनके लिए ऐसा कर पाना सरल था या कठिन | यदि वह ऐसा नहीं करतीं तो क्या यह उनके हित में होता? अपने विचार लिखें|

प्रश्न3) सुलेख लिखिए - **(2 अंक)**

समुद्र का भाग बनकर मैंने जो दृश्य देखा वह वर्णनातीत है| मैं अभी तक समझती थी कि समुद्र में केवल मेरे बंधु - बांधवों का ही राज्य है, परंतु अब ज्ञात हुआ कि समुद्र में चहल - पहल वास्तव में दूसरे ही जीवों की है और उसमें निरा नमक भरा है| पहले - पहल समुद्र का खारापन मुझे बिल्कुल नहीं भाया, जी मचलाने लगा, पर धीरे-धीरे सब सहन हो चला |

खंड – ख 'लेखन' (18अंक)

प्रश्न4) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें- **(6अंक)**

दिसंबर माह में हुए अपने विद्यालय के भव्य क्रिसमस कार्निवल के विषय में बताते हुए विदेश में रह रहे अपने पिता जी को एक पत्र लिखिए|

अथवा

आपने हिंदी विषय में अनेक पाठ पढ़े, उनमें से जो पाठ आपको सबसे अच्छा लगा उसके विषय में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए -

प्रश्न5) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लिखें - **(6अंक)**

पिज़्ज़ा तथा बर्गर के बीच बातचीत को संवाद शैली में लिखें - (10-12 संवाद)

अथवा

'दादी की सीख' शीर्षक पर एक लघु कथा लिखिए -

प्रश्न6) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए- **(6अंक)**

'स्मार्ट वॉच' के लिए विज्ञापन

अथवा

पर्यावरण की सुरक्षा : हमारी सुरक्षा